न्योता भोजन में बच्चों ने गरमा-गरम... पृष्ठ 2 | भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

गुरुवार, 12 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 60, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए



।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

## साय कैबिनेट बैठक : छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में एसटी वर्ग को मिलेगी विशेष छूट

### बैठक में द्वितीय अनुपूरक बजट के प्रारूप का अनुमोदन किया गया, क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना को मिली मंजूरी



**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अनेक फैसले लिए गए. बैठक में द्वितीय अनुपूरक बजट के प्रारूप का अनुमोदन किया गया. छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में स्त्र वर्ग को विशेष छूट देने का फैसला लिया गया. मंत्री परिषद ने भू राजस्व संहिता में संशोधन विधेयक को मंजूरी दी. इसके अलावा खेलों के लिए क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी. यह योजना मोदी की गारंटी में शामिल थी. सुदूर और शहरी क्षेत्रों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा. खेल क्लबों को आर्थिक मदद दी जाएगी. रूस्क में धान खरीदी के अतिशेष के निराकरण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया. वहीं धान कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 80 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है. मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती के लिए उम्मीदवारों की ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदंड में एक बार के लिए छूट देने का निर्णय लिया. इसके तहत छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर और सीना बिना फुलाये 78 सेमी एवं फुलाने पर 83 सेमी करने का फैसला लिया गया. खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राइस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की प्रथम किश्त देने का निर्णय लिया गया.मंत्रिपरिषद ने द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया. छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया. छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया. इससे नवीन तकनीक के उपयोग के साथ ही दुग्ध महासंघ के प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी. छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया. छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया. राजधानी रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के लाईफटाईम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया. प्रदेश के सभी डीलरों को इस सुविधा का लाभ वाहन क्रेताओं को दिलाने के निर्देश दिए गए हैं. छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए सुदृढ़ वातावरण तैयार करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा राज्य के खिलाड़ियों के लिए सुदूर ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय में खेल के लिए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया. इसके तहत छत्तीसगढ़ में खेल क्लब को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित पंजीकृत समितियों को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा. छत्तीसगढ़ पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित किया जाएगा. ओलम्पिक खेलों को ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में बढ़ावा देने के साथ ही राज्य के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पर उनको शत-प्रतिशत यात्रा व्यय और खेल उपकरण की सुविधा देकर प्रोत्साहित किया जाएगा. खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित अतिशेष (सरप्लस) धान के निराकरण के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया. कैबिनेट ने खरीफसीजन में उपार्जित शतप्रतिशत धान की कस्टम मिलिंग उसी खरीफसीजन में पूरा कर जमा कराने और इस साल के अतिशेष धान का चावल केन्द्रीय पूल के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम में सितम्बर 2025 तक उपार्जित किए जाने के लिए लक्ष्य वृद्धि के लिए प्रस्ताव धान खरीदी समाप्त होते ही भारत सरकार को पुन: भेजे जाने के संबंध में चर्चा की गई. अतिशेष धान का निराकरण नीलामी से करने की अनुमति दी गई है.

## छत्तीसगढ़ में 5 डिग्री लुढ़का तापमान, 4-5 दिनों में और गिरेगा पारा



धीरज तिवारी

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में अब कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है. उत्तर की हवाओं के चलते पारा 4-5 डिग्री लुढ़का है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी. रायपुर में 15 डिग्री, 15.4 -बिलासपुर, 10.4, पेंड्रा रोड 9.7, अंबिकापुर में 17.8, जगदलपुर में 12.4 और दुर्ग में 12.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है. उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों में घना कोहरा छाया रहा. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों में पारा और नीचे गिरने से ज्यादा ठंड पड़ेगी. तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट आएगी. मौसम विज्ञानिक का कहना है कि प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा. इससे रात का तापमान गिरेगा. बुधवार को रायपुर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है.

## कलेक्टर से यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य भेंट

### जिले में चलाए जा रहे पोट्ठ लईका पहल एवं अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धियों और प्रयासों की सराहना की



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में डिप्टी रिप्रेजेंटेटिव ऑपरेशन्स श्रीमती शारदा थापालिया एवं सीएफ्ओ श्री विलियम हनलॉन जूनियर शामिल थे। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमण्डल को बताया कि जिले में यूनिसेफ के सहयोग से सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। युवोदय कार्यक्रमों ने युवाओं को सामाजिक बदलाव लाने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम सामुदायिक भागीदारी और नवीन तरीकों के माध्यम से बच्चों के पोषण स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गांव को ओडीएफ प्लस बनाया जा रहा है। यूनिसेफ के तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि जिले में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा जिले में चलाए जा रहे युवोदय जैसे प्रमुख कार्यक्रमों से जुड़े



स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया गया। जिले में युवोदय द्वारा बाल विवाह, किशोर पोषण और शिक्षा में अभिभावक सहभागिता जैसे मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए चलाए जा रहे पोट्ठ लाइका पहल के सत्र में भाग लिया। श्रीमती थापालिया ने जिले में बच्चों के लिए चलाए जा रहे अभियान तथा उपलब्धियों और प्रयासों की सराहना की।

## ग्राम चौथना में पट्टे की जमीन पर मुरूम का अवैध उत्खनन

### एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा की गई कार्यवाही



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** एस डी एम के निर्देश पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर के द्वारा अवैध मुरुम खुदाई को लेकर कार्यवाही की गई तहसीलदार द्वारा बताया गया कि ग्राम चौथना में सरकारी पट्टे की जमीन से अवैध रूप से मुरूम के उत्खनन को लेकर शिकायत प्राप्त होते ही उच्च अधिकारी के दिशा निर्देश पर ग्राम चौथना का जायजा लिया गया । मौके पर मुरूम के परिवहन में लगा कोई वाहन नहीं मिला बल्कि एक मशीनों (जेसीबी ) को मुरूम का उत्खनन करते पाया गया। उनके चालक से मुरूम खुदाई और परिवहन संबंधी वैध दस्तावजे मांगे गए, किंतु संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद अवैध मुरुम खुदाई में लगी जेसीबी मशीन को जप्त कर थाने लाया गया ।

**मुरूम का अवैध खनन पर कार्रवाई की गई, रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी - एस डी एम**

एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा बताया गया कि अवैध रूप से मुरूम उत्खनन की जगह का नाप जॉप करने का आदेश दे दिया गया है इस मामले में प्रकरण तैयार कर कलेक्टर को भेजा जायेगा है। आगे की कार्यवाही कलेक्टर द्वारा तय की जाएगी।



## गीता जयंती के उपलक्ष में शामिल हुए अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सुरगी में यादव समाज क्षेत्रीय सर्कल के द्वारा गीता जयंती महोत्सव मनाया गया, जिसमें यादव भवन एवं अतिरिक्त भवन एवं ग्राम सुरगी के लिए व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण भी किया गया ।



इस अवसर पर अतिथि स्वरूप पूर्व सांसद माननीय अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज गीता जयंती के उपलक्ष में अपने प्रिय ग्राम सुरगी मैं आने का सौभाग्य मिला, कृष्ण भगवान के गीता के ज्ञान के कारण ही आज भारत विश्व गुरु की ओर अग्रसर है क्योंकि आज पूरा विश्व आपसी लड़ाई में अपनी उर्जा समाप्त कर रहा है, और आध्यात्मिकता की ओर भारत को टकटकी नजर से देख रहा है, उन्होंने ग्रामीण जनों को बताया कि विष्णु देव साय सरकार में 1 वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास के कार्य किए हैं, और आने वाले समय में सुशासन के साथ व्यवस्थित रूप से सरकार के कामकाज चलने से चारों ओर विकास ही विकास दिखेगा। अभिषेक सिंह ने आश्वस्त किया कि डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष के रूप में राजनांदगांव की सेवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, और समय-समय पर वे भी जनता की सेवा के लिए उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर सरपंच आनंद ने भी सरकार की कार्यशैली और विकास की प्रशंसा करते हुए अभिषेक सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, रोहित चंद्राकर मंडल अध्यक्ष, लीलाधर साहू उपाध्यक्ष, भाजपा ग्रामीण मंडल आनंद साहू सरपंच सुरगी मनोज साहू महामंत्री ग्रामीण मंडल श्रीमती मधु सुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलोकचंद पारख समारोह राम दीपक नरोत्तम मंडल रैनसिंह साहू शक्ति केंद्र प्रभारी गुरु चरण सिंह खिलेश्वर साहू पवन साहू तेज प्रकाश सिन्हा सरपंच मुकेश साहू सरपंच गोविंद देवांगन अल्लाह सरपंच खेमदास एशटबंधु साथी बूथ अध्यक्ष भुनेश्वर साहू अर्जुन साहू मेवा साहू गजानन साहू तुम्मन साहू देवेंद्र जैन माखन यादव इंद्रजीत मानिकपुरी हमदीप साहू जितेंद्र साहू प्रकाश साहू संतोष यादव दिलीप यादव देवेंद्र यादव पवन यादव पहुना विशंभर यादव माखन यादव द्वारिका यादव कोमल यादव विशारद यादव संतोष यादव शाहिद बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## नगर पालिका पर मंडराया काला साया

### दो पूर्व सीएमओ,दो इंजीनियर व लेखपाल हुए निलंबित, वर्तमान सीएमओ भी निलंबन के कटघरे में

**डोंगरगढ़ (नादगांव टाइम्स)।** कांग्रेस शासन काल में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर की गई शिकायत पर राज्य शासन ने तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन, प्रमोद शुक्ला, इंजीनियर रितेश स्थापक, किशोर ठाकुर व लेखपाल दीपा भीवगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में चारों अधिकारी मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग नियत किया गया है। पत्र में कहा गया है कि,उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त सभी अधिकारी पद स्थापना के दौरान वर्ष 2022-23 एवं 23 24 में अध्यक्ष/ पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7, 9, 15, 20, 21, 22 में नलकूप खनन कार्य वार्ड क्रमांक 10 में डॉक्टर भीमराव सामुदायिक भवन में वृहद आकार की घड़ी की स्थापना कार्य, वार्ड नंबर 6 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 8 में उद्यान निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 9 में इंटरलॉकिंग पेपर ब्लॉक कार्य,वार्ड क्रमांक 11 में नाली रोड मुक्तिधाम में स्टोर रूम निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में नाली रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 19 में आरसीसी नाली निर्माण, सीसी फ्लोरिंग कार्य, वार्ड क्रमांक 21 में पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 23 जिम सामग्री क्रय कार्य, पानी टंकी में मोटर पंप स्थापना कार्य, वार्ड क्रमांक 23 में मंच निर्माण कार्य,हेतु निविदा समिति में लेखपाल को समाहित नहीं किया गया। जिससे कि वित्तीय परीक्षण प्रश्नाधीन है। प्लेसमेंट कर्मचारियों को प्रभारी लिपिक का दर्जा देते हुए निविदा समिति में सदस्य बनाए जाने, विभिन्न कार्यों में बिना गुणवत्ता परीक्षण बगैर टेस्ट रिपोर्ट के अनियमित भुगतान की कार्रवाई करने, समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाले लोहे का विवरण माफपुस्तिका में इंद्राज नहीं कर मैन्युअल प्रावधानों के विपरीत कार्य करने, घड़ी स्थापना कार्य में बगैर वित्तीय स्वीकृति के भुगतान करने तथा 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वर्ष 2020-21 में वार्ड क्रमांक 8 बुद्ध विहार से गणेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य में त्रुटि पूर्वक निविदा कार्रवाई निष्पादित कर गुणवत्ताविहीन कार्य करने हेतु प्रारंभिक जांच में अवचार के दोषी पाए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि,उक्त कृत्य गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। अतएव राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ को छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी नियम 1968 के नियम 53 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।





**नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारियों पर राज्य शासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई**

**कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को विष्णुदेव के सुशासन ने किया उजागर - रामजी भारती**

**कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को विष्णुदेव के सुशासन ने किया उजागर - रामजी भारती**

प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने राज्य शासन द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रेस को दी गई अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन ने उजागर कर दिया है। इसी प्रकार की कार्रवाई उन समस्त विभागों में की जाएगी जहां कांग्रेस शासन काल में भारी पैमाने में भ्रष्टाचार किया गया था। जांच की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

**मेला व्यवस्था में की गई वित्तीय अनियमितता को लेकर वर्तमान सीएमओ भी निलंबित हो सकते हैं-**

नवरात्र मेले के दौरान दावा प्रेस रिपोर्टर द्वारा प्रशासन को प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई जांच में वित्तीय अनियमितता का दोषी पाए जाने वाले वर्तमान सीएमओ चंद्रकांत शर्मा पर निलंबन की गाज गिर सकती है। जांच कमेटी द्वारा अक्टूबर 2024 को सौंपी गई रिपोर्ट पर प्रशासन द्वारा आज पर्यंत कार्रवाई नहीं की गई।


**जांच कमेटी ने सीएमओ को वित्तीय अनियमितता का दोषी पाया -**

डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के निर्देश पर गठित जांच कमेटी द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को राजस्व एवं नगरी निकाय की संयुक्त जांच टीम द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के मेला स्थल में आबंटित दुकान/ पसरा की जांच की गई।जिसमें आबंटन प्रक्रिया अनुसार मुनादी /सूचना अथवा समाचार पत्रों में किसी प्रकार का प्रचार - प्रसार संबंधी दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में अनेक बिंदुओं पर जांच की गई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा को दोषी पाते हुए कहा गया कि उनके द्वारा अपने पद का गलत उपयोग करते हुए वर्तमान मेला प्रदर्शनी के आबंटन में धांधली की गई हैं। जो की वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। उपरोक्त समस्त कंडिकाओं की जांच में प्रथम दृष्टिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ जिम्मेदार है। जांच कमेटी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष चंद दुबे लाल बहादुर नगर, नायब तहसीलदार सतपाल यादव डोंगरगढ़ ,नायब तहसीलदार प्राची लांगे डोंगरगढ़ शामिल थे।

## ज्ञान मंथन

*1) अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी संगीतज्ञ अमीर खुसरो ने 14वीं शताब्दी में भारत के लिए भक्तिमय या धार्मिक गायन के किस राग को प्रारंभ किया था?*
*2) अग्नि द्वारा अर्जुन को भेंट किए गए दिव्य धनुष का नाम क्या था?*
*3) प्राचीन यूनानी किस भारतीय राजा को सैंड्रोकोट्स कहकर पुकारते थे?*
*4) भारतीय नागरिकता अधिनियम पारित किया गया था?*
*5) किस रूसी नोबेल पुरस्कार विजेता ने च्कंडीषंड रिफ्लेक्सज् शब्द का खोज किया था?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कव्वाली (2) गांडीव (3) चंद्रगुप्त मौर्य (4) 1955 (5) इवान पावलोव

# महापौर ने कर्मचारियों के मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की अपील

**मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदीयों की दो माह के लंबित मानदेय भुगतान के लिये नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से राशि आबंटित करने की महापौर ने की मांग**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत निगम सीमा क्षेत्र के एसएलआरएम सेन्टरों में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों की दो माह के लंबित मानदेय लगभग 60 लाख रूपये आबंटित करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव से मांग की है।



महापौर श्रीमती देशमुख ने माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव जी मांग करते हुये कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रात: 7 बजे से शाम तक प्रतिदिन घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण का कार्य करते है। बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन कचरा संग्रहण भी किया जाता है। इस प्रकार दीदीयां सुबह से रात तक सप्ताह में सातो दिन अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है। इसके एवज में इन्हें न्यूनतम मानदेय प्राप्त होता है, उक्त मानदेय राशि आबंटन के अभाव में इन्हें दो माह से नही मिल पा रहा है, जिससे इन्हे आर्थिक संकट का सामना करना पड रहा है। उन्होंने इनके कार्यो को ध्यान में रखकर दो माह का लंबित मानदेय राशि रूपये लगभग 60 लाख आबंटित करने की माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री जी से मांग की है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वर्तमान में नगरीय निकाय के सभी कर्मचारी चाहे वे नियमित या ठेका पद्धति से हो वेतन एवं अन्य मांगों के लिये हडताल पर है, जिससे नागरिकों को मिलने वाली आवश्यक सेवा बिजली पानी सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियों के लंबित वेतन की मांग भी की गयी थी। उन्होंने माननीय मंत्री श्री अरूण साव जी से मांग की है कि आगामी माह में नगरीय निकाय चुनाव भी होना है जिसे ध्यान में रखकर कर्मचारियों की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निराकरण करने की कृपा करे।

## ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसम्बर को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के तहत ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसम्बर 2024 को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में की जाएगी। इसी तरह 19 दिसम्बर 2024 को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के प्रावधानों के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरंपच पदों तथा जिला पंचायत राजनांदगांव के निर्वाचन क्षेत्रों एवं जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के कोई भी वयस्क निवासी आरक्षण की कार्रवाई के दौरान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## शासकीय प्रायोगिक शाला (बी.टी.आई.) में बच्चों को मिला स्वेटर

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान (बी.टी.आई.) के अधीनस्थ संचालित शासकीय प्रायोगिक शाला में शाला के प्रधान पाठिका मीना गंगबेर के सौजन्य से प्राप्त स्वेटर को कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को बढ़ाते ठंड के प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू एवं विकासखंड शिक्षा कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक सेवाराम पटेल के करकमलों से वितरण किया गया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू द्वारा बच्चों को प्रतिदिन शाला आने व पढ़ाई में विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पोषण साहू (व्याख्याता बी.टी.आई.) शशांक साहू (शिक्षक) एवं प्रायोगिक शाला में पदस्थ शिक्षक इंद्रकुमार सिन्हा व नरेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# गीता उपदेश के साथ डुमरडीहकला श्रीमद् देवी भागवत का किया गया समापन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डुमरडीहकला में कथा के आखरी दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया गया जगन्नाथ आरती और देवी जसगीत के साथ किया गया। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने अपने आखरी दिन की कथा में भगवत गीता का उपदेश देते हुए बताया कि जिस समय कुरूक्षेत्र के मैदान पर कौरवो और पांडवों का युद्ध होने वाला था, इस समय शंखनाद होने के बाद अर्जुन अपने गाडी व धनुष के साथ ही व्याकुल हो उठते हैं, तब जाकर भगवान श्री कृष्णा कुरूक्षेत्र के बीच मैदान में अर्जुन को गीता का ज्ञान देते हुए ज्ञान योग-कर्म योग और भक्ति योग का उपदेश देते हुए कहा कि कर्मयोग कर्म के माध्यम से आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने का एक तरीका है। इसमें व्यक्ति अपने कर्मों को बिना किसी अपेक्षा के करता है, और फल की चिंता नहीं करता। भक्तियोग भक्ति के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने का एक तरीका है, इसमें व्यक्ति भगवान के प्रति प्रेम और भक्ति का अभ्यास करता है। गीता पाठ के बाद महाप्रसादी भंडारा कराया गया, जहां दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद लिये व प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किये। दूसरे दिन माता का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ छत्तीसगढ़ी जस गायिका ममता देशमुख एवं साथियों द्वारा किया गया, जहां डुमरडीहकला सहित आसपास के श्रद्धालुगणों ने पूरे भक्ति के साथ शोभायात्रा निकाली। बाइक रैली से लेकर श्रीमद् देवी भागवत विशाल चंडी यज्ञ में क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, आयोजन सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर, ध्यानचंद बाफ्ना, पवन वाधवा, सुरेंद्र सिंह, मुरली सिंह ठाकुर, डा. हरिशंकर जंघेल, हरिशंकर पाल, सौरभ वैष्णव, मोहन साहू, राकेश साहू, परदेशी साहू, नोमेश वर्मा, रितेश सिन्हा, पवन महोबिया, दीनू साहू, राकेश खरे, चंद्रशेखर साहू, प्रीतम साहू, टीकम सिन्हा, हुकुम सिंह सहित समस्त क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियो श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति का विशेष सहयोग रहा।



## शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में हुए विविध आयोजन

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के अनुसूचित जनजाति बालक-बालिका छात्रावास/आश्रम में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली निकाली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली सहित अन्य गतिविधि आयोजित हुई। इसी कड़ी में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास खैरागढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आदिवासी लोक कला महोत्सव वर्ष 2024 का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम रैली निकालकर आमजन को शहीद वीर नारायण की वीरता का बखान करते हुए नारे लगाए। इस दौरान छात्रों ने गीत—कविता, भाषण, जीवन—परिचय, निबंध, पेंटिंग एवं एकल नृत्य तथा सामूहिक आदिवासी संस्कृति पर आधारित नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग देवेन्द्र सिंह द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान शौर्य, शहादत के बारे में संक्षेप में उद्बोधन दिया। इस दौरान गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज प्रमुख एवं वार्ड नंबर 04 पार्षद सुमित टांडीया, पोस्टमैन मिथलेश मरई, धर्मेंद्र बघेल, चंद्रहास पांडे, विनय यादव, शैलू पांडे, नोडल अधीक्षक सूर्यकांत करवार, हितेश सिंह, अधीक्षक बोधन जोशी सहित अन्य स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्रगण उपस्थित थे।



## मेजर डॉक्टर हरीश ग्रोवर का सैनिक सम्मान उन्हें अंतिम विदाई दी गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मेजर डॉक्टर हरीश ग्रोवर का सैनिक सम्मान के साथ का अंत्येष्टि संपन्न डॉक्टर मेजर हरीश ग्रोवर का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया उसके पूर्व राजनांदगांव के सैनिक कल्याण बोर्ड ने उन्हें तिरंगे मे लिपटा कर उन्हें सालमी दी उन्हें अंतिम विदाई दी गई स्थानीय मुक्तिधाम यात्रा में भूतपूर्व सैनिकों के अधिकारिओ ने उनके साथ बिताये पालो को याद किया उसके साथ ही , सिख समाज ओर पंजाबी समाज के सम्मानित सदस्यो के साथ मोहल्ले वाले रिश्तेदार और उनके मित्र गण तथा परिवार के सभी सदस्यों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी, अंत में सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा तिरंगा उतार ने की सेरेमनी की, उसके बाद भूतपूर्व महापौर नरेश डकालिया जी और राजनांदगांव की तरफसे और सिख समाज और पंजाबी समाज की तरफ से जनरेल सिंह भटिआ जी उन्हें पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की।



# खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था और किसानों की समस्याओं का निराकरण करने कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था और किसानों की समस्याओं का निराकरण किए जाने कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर त्वरित कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन देते हुए कांग्रेसियो ने बताया की धान खरीदी केन्द्रों में बारदानों की कमी से किसानों को धान बेचने में परेशानी हो रही है। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक होने से किसानों को सात से दस दिन बाद बुलाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कांटे में हो रही तौलाई में डेढ़ से ढाई किलो धान अधिक तौला जा रहा है। समितियों में धान का उठाव नहीं होने से जगह का अभाव बढ़ गया है। जिले के किसानों की अनावरी रिपोर्ट कम बनाने और समितियों में 21 क्विंटल धान की खरीदी नहीं होने से किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसानों द्वारा अपनी बारी का इंतजार करने के बाद भी बारी नहीं आ रही है। सरकार के 72 घंटे में धान का भुगतान का दावा फेल हो रहा है। किसानों को सप्ताहभर बाद भी खरीदी की रकम नही मिल पा रही है।3100 की जगह किसानों को धान का 23 सौ रुपए ही भुगतान किया जा रहा है। धान की कीमत 3217 रू निर्धारित कर सरकार से चुनावी वादे को पूरा कराए जाने बीज उत्पादक किसानों के धान की खरीदी भी समितियों में किए जाने, समितियों से धान को संग्रहण केन्द्र की बजाय सीधे राइस मिलरों को भेजने, पिछले साल समितियो के सूखत की राशि का तत्काल समितियों को भुगतान किए जाने की मांग की गई है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, आकाशदीप सिंह, हिमांचल सिंह, रविन्द्र सिंह, बलदाऊ सिंह, पालिका के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, संदीप सिरमौर, सूर्यकांत यादव, नदीम मेमन, संत निषाद सहित अन्य कांग्रेसी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव में फॉयर सेफ्टी का प्रशिक्षण-नगर सेना द्वारा







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री अभिषक चैहन क्षेत्रिय निदेशक मध्य क्षेत्र भोपाल के निर्देश पर आज दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को एस.टी.सी. राजनांदगांव में जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा फायर डेमों व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।श्री विमन दास वैष्णव, नायक जिला नगर सेना ने एस.टी.सी के आवासीय योजना में रह रहे खिलाड़ियों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जानकारी दी व अग्नि किस किस चिज में लग सकती है कौन कौन से नुकसान हो सकते है। जिससे बचाव के उपाय बताये । साथ अग्नि ज्वलनसील होने के कारण बहुत सी घटनाऐं हो सकती है। जिससे अपनी व आसपास की सुरक्षा के बचाव बताये । नगर सेनानी अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में फायरमेन राजेश सिन्हा, तरूण साहू व दिनेश सोनकर ने खिलाड़ियों, कोचेस, स्टॉफ एवं मेस के कर्मचारियों को मॉपडिल के माध्यम से अग्नि बुझाने का प्रशिक्षण, गैस में आग लगने पर बुझाने का बहुत ही सुंदर व सहज तरीके से अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर श्री के.पी त्रिपाठी केन्द्र प्रभारी द्वारा सभी खिलाड़ियों को फायर सेफ्टी की का प्रशिक्षण हेतु नगर सेनानी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर केन्द्र के कोच अमित कुमार, पंकज पांडे, दिव्या घारावत, प्रियंका ई व स्टॉफ प्रदीप शर्मा, सुकदेव राउत, मुन्ना लाल जायसवाल, विरेन्द्र सिन्हा, कुवारू राम, लेखराम देवांगन, जय हिंन्द्र राधा राजपुत, अर्पणा खोब्रागढ़ व मेस स्टॉफ रामू आदि उपस्थित थे।

## निधन



**श्रीमती दुलारी बाई यादव**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शांतिनगर वार्ड नं. 6 निवासी श्रीमती दुलारी बाई यादव पति नारायण यादव का 10 अक्टूबर मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र तेजराम यादव सहित ज़रापूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. श्रीमती दुलारी बाई यादव का आज अंतिम संस्कार गठुला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## धर्म समाचार....

# अगले साल 2 राशियों पर बरसेगी हनुमान जी की कृपा, चमक उठेगी फूटी किस्मत

न्याय के देवता शनिदेव साल 2025 में 29 मार्च को राशि परिवर्तन करेंगे। शनिदेव के राशि परिवर्तन करने से मकर राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा। इस राशि के जातकों को साढ़े साती से मुक्ति मिल जाएगी। इस राशि में मंगल देव उच्च के होते हैं। इसके लिए मकर राशि (रुह्वष्द्म4 'शस्त्रद्बद्गुष् स्द्बद्दठ्ठह्य) के जातकों पर मंगल देव की विशेष कृपा बरसेगी।साल 2025 का आगाज होने वाला है। यह वर्ष कई राशि के जातकों के लिए शुभ साबित होने वाला है। वहीं, कई राशि के जातकों को उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ सकता है। ज्योतिषियों की मानें तो साल 2025 में मंगल का प्रभाव अधिक रहेगा। इसके लिए जातकों को अपनी वाणी और गुस्से पर कंट्रोल रखना जरूरी है। ऐसा करने से जातक अपने जीवन में हर सुख प्राप्त कर सकता है। हालांकि, 2 राशि के जातकों पर साल 2025 में हनुमान जी की विशेष कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होंगे। साथ ही फूटी किस्मत भी बदल जाएगी। आइए, इन 2 राशि के जातकों के बारे में सबकुछ जानते हैं-




**किन जातकों के लिए है अधिक शुभ-** अंक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, साल 2025 का कुल अंक 9 है। आसान शब्दों में कहें तो 2025 का मूलांक 9 है। मूलांक 9 का स्वामी ऊर्जा के कारक मंगल देव हैं। यह अंक ऊर्जा का भी सूचक होता है। अत: साल 2025 दो राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है। हनुमान जी का प्रिय अंक है। मेष और वृश्चिक राशि के जातकों का राशि स्वामी मंगल देव हैं और आराध्य हनुमान जी हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए साल 2025 सही साबित हो सकता है। हालांकि, साढ़े साती की भी शुरुआत होगी। इसके लिए मेष राशि के जातकों को अपनी वाणी पर विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। इसके साथ ही गुस्सा भी कंट्रोल करना होगा। हनुमान जी की विशेष कृपा मेष राशि के जातकों पर बरसेगी। उनकी कृपा से हर कार्य में सफलता मिलेगी। साथ ही ऊर्जा का नवसंचार होगा। सभी बिगड़े काम बनने लगेंगे। मई महीने तक मेष राशि के जातकों को धन लाभ के योग हैं। इसके बाद विराम लग सकता है। मार्च के अंत से साढ़े साती शुरू होगी। मंगल देव की कृपा से कार्य में सफलता मिलेगी। ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करें। समय का सही इस्तेमाल करें। उचित कार्यों में मन लगाएं। प्रभु की भक्ति उपासना करें। रोजाना राम नाम का जप करें।

**वृश्चिक राशि-**वर्तमान समय में वृश्चिक राशि के जातकों पर शनि की ढैय्या चल रही है। शनिदेव के राशि परिवर्तन करने के साथ ही शनि की ढैय्या समाप्त हो जाएगी। वहीं, नए साल में मंगल देव की असीम कृपा वृश्चिक राशि के जातकों पर बरसेगी। वहीं, मार्च महीने के बाद शनि की ढैय्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। अत: समय अनुकूल रहेगा। रुके कार्य में गति मिलेगी। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। नवीन कार्य में सफलता मिलेगी। करियर को नया आयाम मिल सकता है। साल 2025 में रोजाना हनुमान जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय हनुमान चालीसा का पाठ करें। इसके साथ ही मंगलवार के दिन मसूर दाल समेत लाल रंग की चीजों का दान करें।

## भूलकर भी दूसरों के घर से न लेकर आएं ये तीन चीजें, हंसता-खेलता परिवार हो जाएगा बर्बाद

योतिष और शास्त्रों में बताई गई बातों से जीवन में आ रही समस्याओं को हल किया जा सकता है। इन शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति के आसपास की वस्तुएं उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति पर प्रभाव डालती हैं। ऐसे में किसी के घर से कुछ खास चीजें लाना न केवल आपके जीवन को प्रभावित कर सकता है, बल्कि यह नकारात्मक ऊर्जा का कारण भी बन सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में लाई जाने वाली वस्तुएं व्यक्ति की ऊर्जा को प्रभावित करती हैं। जब किसी वस्तु का मालिक बदलता है, तो उसकी ऊर्जा भी बदल जाती है। यह व्यक्ति के जीवन में समस्याएं पैदा कर सकती है। विशेष रूप से उन वस्तुओं को कभी भी न लें, जो नकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होती हैं। उदाहरण के तौर पर टूट-फूट वाली चीजें, पुराने बर्तन और अजनबी या टूटे-फटे सामान से बचना चाहिए। इन्हें घर में लाकर आप अपनी जीवनशैली में समस्याओं को बढ़ावा दे सकते हैं। इसलिए, अगर आप किसी के घर से कोई सामान ले रहे हैं तो यह तय करें कि वह सकारात्मक ऊर्जा से भरा हो और किसी तरह से नकारात्मक प्रभाव न डाले। किसी रिश्तेदार के यहां जाते समय यह ध्यान रखें कि उसकी चप्पल न पहनें। वास्तु शास्त्र के अनुसार नकारात्मक ऊर्जा सबसे पहले पैरों से ही निकलती है। ऐसे में जब हम दूसरों की चप्पल पहनते हैं, तो उसकी नकारात्मक ऊर्जा आपके अंदर प्रवेश कर सकती है। दूसरों का छाता कभी उपयोग कर घर नहीं लाना चाहिए। यह आपके ग्रहों की स्थिति को बिगाड़ सकता है। आप अगर भूलकर दूसरों का छाता घर लेकर आ गए हैं, तो इस बात का ध्यान रखें कि छाता घर के अंदर न लेकर आएं। इसका उपयोग कर वापस कर देना चाहिए। किसी के घर पर रखा हुआ फर्नीचर अपने यहां नहीं लाना चाहिए। यह नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है, जिसके वास्तु दोष का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा करने से आपके परिवार की खुशियां छिन जाएंगी और आप बर्बादी के कगार तक पहुंच सकते हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नगरपालिका में चल रहा भ्रष्टाचार का खुला खेल

## फर्जी रसीद बुक छपवाकर की जा रही करों की वसूली

## शासन की जांच को बता रहे ठेंगा राजनीतिक हस्तक्षेप मुख्य कारण



**कर्मचारी लगा रहे जमकर चूना**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बमलेश्वरी की नगरी में स्थित नगरपालिका मे भ्रष्टाचार का खेल अब सभी हदें पार कर चुका है। यहां कर्मचारी डुप्लीकेट रसीद बुक छपवाकर शासन को चूना लगा रहे हैं। पूरा एक ग्रुप बनाकर अवैध वसूली में लगे कर्मचारियों पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। नगर पालिका में प्लेसमेंट कर्मचारियों से फर्जी रसीद बुक के माध्यम से कचरा कलेक्शन की राशि वसूल किए जाने का मामला सामने आया है। लगभग एक माह से पालिका अधिकारी को इसकी जानकारी होने के बाद भी अभी तक शून्य कार्रवाई होने से इनके हौसले बुलंद है। नगर में 8600 घरों से कचरा प्रतिदिन एकत्र किया जा रहा है। 2 अक्टूबर 2017 से प्रारंभ डोर टू डोर कलेक्शन पर 7 साल का हिसाब यदि निकाला जाए तो करोड़ों रुपए का घालमेल पकड़ में आएगा।

**क्या है यूजर चार्ज**–केंद्र शासन की योजना के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने की योजना पर नगर के सभी 24 वार्डों में कचरा कलेक्शन चल रहा है कुल 8600 घरों से कचरा एकत्र करने के लिए 81 लोगों की टीम बनाई गई जिसे एक मैकेनिकल फिटर के जिम्मे में कर दिया गया जबकि उसका मूल काम प्लांट में पानी फिल्टर करने की गतिविधियों को देखना है। वर्तमान में यह कर्मचारी मिस्टर मिशन क्लीन सिटी जन्म मृत्यु सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित कर रहा है। पूर्व में इसे घरों में निशुल्क बनने वाले शौचालय, गोबर खरीदी, गोबर की खाद बनाना तथा प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है। सभी कार्यों में अनियमिता करते पकड़े जाने पर उस कार्य से हटाकर इसे दूसरे कार्य में लगा दिया गया। जानकारी के अनुसार एक अन्य कर्मचारी जो सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है वह भी ऑनलाइन सट्टे के जुर्म में लगभग सप्ताह जेल में रहकर आ चुका है यह दोनों मिलकर प्लेसमेंट कर्मचारियों से फर्जी रसीद बुक में यूजर चार्ज की वसूली कर रहे हैं और पकड़े जाने पर भोले भाले छोटे कर्मचारी को कम से बैठाकर उन्हें बलि का बकरा बना रहे हैं। बात यही नहीं रुकती इन 81 कर्मचारियों में जो मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत है इनके घर पर वे इनकी गाड़ी में ड्राइवरी का काम भी करते हैं कोई अधिकारी का ड्राइवर है तो कोई उनकी पत्नी को जो अन्य स्थान पर पालिका में ही कार्यरत हैं कार से छोड़ने जाते हैं मजे की बात तो यह है की इसी मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारी नगर पालिका में भी बड़ी संख्या में ऑफिस वर्क कर रहे हैं।

**गीले और सूखे कचरे की कमाई भी जेब में**–मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत एकत्र कचरा को सुबह 7 बजे से घर–घर दौड़कर एकत्र करने वाली महिलाएं भी इनका शिकार बनी हुई है शासन की योजना के अनुसार गीले कचरे से बनने वाली खाद तथा सूखे कचरे में उपयोगी कबाड़ को बेचकर उसकी राशि कचरा एकत्र करने वाली महिलाओं में बांटना होता है किंतु यह उन तक आधा अधूरा ही पहुंचती है जो गीले कचरे से बनी खाद बेची जा रही है उसकी रसीद कटे बगैर ही खाद बिक रही है रशीद काटने वाले आधे दर्जन से अधिक कर्मचारी जो इनके द्वारा प्रदत्त फर्जी रसीद में कचरा कलेक्शन का यूजर चार्ज वसूली करते हैं पकड़े जाने पर उन्हें ही बली का बकरा बना दिया जाता है ।

**शासन से मिलने वाली सामग्री गायब**– केंद्र सरकार द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने के लिए महिला कर्मचारियों को साल में दो बार साड़ी रेनकोट जूता मोजा आई कार्ड ग्लव्स एप्रोन सहित अन्य सामग्रियां मुफ्त में दी जाती है। किंतु डोंगरगढ़ में कार्यरत कर्मचारियों को साल में एक बार भी यह नहीं मिलती जो उनके साथ सरासर अन्याय है स्वच्छता सर्वेक्षण जो हर साल होता है उसकी पेंटिंग में भी लाखों रुपए के नारे ब्यारे यह कर्मचारी कर रहे हैं मजे की बात तो यह है यही कर्मचारी फर्जी तरीके से महिला समूह चलाकर नगर में कई सुलभ शौचालय को संचालित भी कर रहे हैं और इस तरह शासन को जितना चूना लगा सकते हैं लगाने का प्रयास सफलता पूर्वक कर रहे हैं। इन कर्मचारियों की करगुजारियां यहीं खत्म नहीं होती सेप्टिक टैंक खाली करने की राशि से लेकर वर्मी कंपोस्ट खाद की बिक्री की फर्जी रसीद भी प्लेसमेंट कर्मचारियों के नाम से काटकर हेराफेरी की जा रही है। इसके विषय पर भारतीय सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन महासंघ ने भी 28 नवंबर को नगर पालिका अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इस पर कार्रवाई की मांग की थी। किंतु छोटे कर्मचारियों को हटाकर बड़े शातिर चोरों को बचाने का खेल नगर पालिका में बदस्तूर चल रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारियों में अब चार और छोटे कर्मचारियों पर गाज गिराने की तैयारी की जा रही है जिसे लेकर अन्य कर्मचारियों में खास रोश व्याप्त है।

**पकड़े हैं पूर्व में गड़बड़ियां**– पालिका में फर्जी रसीद बुक के खेल में शामिल इस कर्मचारी को जिस भी विभाग की जिम्मेदारी सौंप गई है वहां पर हमेशा फर्जी काम करते हुए यह पकड़ा गया है कांग्रेस शासन काल में गोबर खाद में मिट्टी मिलते हुए भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने रंगे हाथों अपने कार्यकर्ताओं के साथ इन्हें पकड़ा था किंतु उस स्थान से हटकर इन्हें दूसरे मलाईदार विभाग की जिम्मेदारी की सौंप दी गई। प्रधानमंत्री आवास की जिम्मेदारी मिलते ही वहां पर फर्जी खेल प्रारंभ हो गया यदि पालिका में बाहर के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास की जांच निष्पक्षता पूर्व की गई तो डोंगरगढ़ नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों में आधे भी कर्मचारी साफ सुथरे नहीं बचेंगे किंतु इसके लिए राजनीतिक हस्तक्षेप कर दोषी कर्मचारियों को बचाने का खेल कांग्रेस में भी जारी था और भाजपा की सरकार आने के बाद भी लगातार यही खेल जारी है । जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में खासा रोश व्याप्त है। जो पैसा नगर के विकास में खर्च होना चाहिए वह पैसा इन जालसाज लोगों के जेब में जा रहा है जिसे लेकर जल्द ही नगर के प्रबुद्ध लोग बड़ा आंदोलन करेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# अधिकारी बेखौफहोकर भाजपा नेताओं के श्रेय में कर रहा लाखों रुपए का भ्रष्टाचार - मनराखन



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला का छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निलंबित करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस कार्यवाही से भाजपा सरकार मे अधिकारियों का भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। अधिकारी बेखौफ होकर भाजपा नेताओं के श्रेय में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार कर रहे है। डोंगरगढ़ में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी खैरागढ़ में पदस्थपना 2023 से लगातार शासन की विभिन्न योजनाओं का फर्जी तरीके से खर्च किया। चेक काट कर आहरण करते रहा जिसके जांच अभी लंबित है। खैरागढ़ पालिका के भ्रष्टाचार को लेकर विधायक यशोदा वर्मा ने धरातल में उतरकर शहर में कांग्रेस पार्षदों के साथ भ्रमण कर अधिकारियों को उसके सामने सच्चाई दिखाया था तथा अनेक दस्तावेजों से प्रमाण पेश किया था। विधायक वर्मा ने लगातार सीएमओ के भ्रष्टाचार को लेकर आवाज बुलंद करते हुए नगरी प्रशासन सचिव जिलाधीश को ज्ञापन सौंप कर तथा स्वच्छता श्रृंगार सहित अन्य भ्रष्टाचार के विषय को विधायक ने विधानसभा में प्रश्न लगाकर सरकार से जवाब पूछा है।

7 दिवस में जिला प्रशासन से पालिका में हुए भ्रष्टाचार पर जांच कर कार्यवाही की मांग की गई थी। लेकिन प्रशासन द्वारा जांच नही किया गया है। जिसे लेकर जिला प्रशासन व नगरीय प्रशासन के 13 दिसंबर को विधायक व संगठन के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया। जिससे घबराकर भाजपा सरकार को आनंद–फानन में डोंगरगढ़ के भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित करना पड़ा। विधायक प्रतिनिधि देवांगन ने आगे कहा कि खैरागढ़ में विधायक व कांग्रेस के दबाव में सीएमओ को सरकार को निलंबित करना पड़ा है। परंतु खैरागढ़ नगर पालिका में डोंगरगढ़ पालिका से कहीं बड़ी भ्रष्टाचार का सीएमओ द्वारा किया गया है परंतु सरकार उसे कार्यवाही करने से हाथ खींच रही है खैरागढ़ में पालिका के भ्रष्टाचार में कार्यवाही नहीं होते तक सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रहेगा।

# जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग राजनांदगांव का फैसला

## रेल्वे चोरी हुए समान का मुआवजा भुगतान करे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** परिवादी तोरण चंद्राकर एवं उनकी पत्नी श्रीमती शशि चंद्राकर के साथ नागपुर से राजनांदगांव के लिए अहमदाबाद हावड़ा ट्रेन में रिजर्वेशन कोच पर यात्रा दिनांक 12/10/2023 कर रहे थे। तभी उनकी हैंड से कीमती समान चोरी हो गई। ट्रेन में ही इसकी शिकायत की गई और राजनांदगांव में स्टेशन पर जी आर पी थाने में एफआई आर दर्ज कराई गई। जी आर पी द्वारा जांच के पश्चात अज्ञात चोर एवं सामान नहीं मिलने पर जांच बंद कर दी गई । परिवादी द्वारा अपने अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया। माननीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव के समक्ष दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात दिनांक 10/12/2024 को आयोग के अध्यक्ष माननीय प्रशांत कुंडू एवं सदस्य श्री आनंद वर्गीस द्वारा निर्णय पारित कर चोरी समान की राशि 86500/रुपए, मानसिक क्षति पर 8000/ रुपए, वाद व्यय 5000/रुपए एवं 9/12/2024 से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत की दर से ब्याज अनावेदक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवादी को 45 दिवस के भीतर भुगतान करेगा परिवादी गण की ओर से प्रकरण में पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी ने की।

# छुईखदान नगर पंचायत में चल रही है मनमानी

## अचानक नगर पंचायत चुनाव से पहले नगर के भोले भाले नागरिक को थमाया जा रहा है मनमानी वसूली की नोटिस




**छुईखदान ( नादगांव टाइम्स )।** अचानक कुंभ करनी नींद से जाग कर नगर पंचायत बकाया राशि वसूलने के लिए लोगों को लोक अदालत के नाम से नोटिस थमाया जा रहा है। जिससे नगर के लोगों में भय आतंक का माहौल बन गया है लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि नगर पंचायत को अचानक क्या सूझा जो वर्षों से बकाया राशि को नोटिस देकर घर घर भिजवा रहा है ।कचरा संग्रहण के नाम से दुकान और घर से पैसा वसूलने के लिए अचानक लोगों को जेब में नगर पंचायत द्वारा डाका डाला जा रहा है कई वर्षों का पिछला बकाया बात कर लगभग सभी नगरवासी को डर दिखाकर नोटिस दिया जा रहा है। जबकि लोग संपत्ति कर ,समेकित कर, नल कर , पटा रहे हैं ।उनके बाद कचरा संग्रहण कर पटाने का दबाव डाला जा रहा है। इनका उद्देश्य अंतिम समय में जितना वसूली हो सके वसूल लिया जाए कई दुकानदार के दुकान में बिल्कुल भी कचरा नहीं निकलता इसी प्रकार कई घर में कचरा को खाद के रूप में स्वयं घर मालिक उपयोग कर रहे हैं । बहुत से लोगों को डस्टबिन भी वितरण नहीं किया गया है सूत्रों से जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ गंडई दोनों जगह में इस प्रकार कचरा संग्रहण के नाम से कोई टैक्स नहीं वसूला जा रहे हैं। नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी को स्वयं अवलोकन कर लोगों में सलाह मसवारा कर मामला को निपटाना चाहिए ना कि लोगों को डर दिखाकर पैसा वसूलना चाहिए नगर पंचायत स्वयं अवलोकन करें की किन लोगों के यहां से कितना कचरा निकाल रहा है । फिर योजना बनाएं और कार्य करें नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष है वहां जान गया है कि आने वाले समय में दोबारा नगर पंचायत के सत्ता में काबिज होना आसान नहीं है इसलिए अधिकारियों से मिलकर इस तरह का खेल नगर के लोगों के साथ खेला जा रहा है। जबकि प्रदेश में भाजपा विष्णु देव साय की सरकार है जो प्रदेश के लोगों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं के द्वारा लोगों को लाभ दे रही है वहीं यहां पर नगर पंचायत छुईखदान द्वारा उलटी गंगा बह रही है ।वह लोगों के साथ दमनात्मक रवैया अपनाई जा रही है । घर-घर मुनादी किया जा रहा है । यहां लोगों को अदालती नोटिस थमाया जा रहा है।नोटिस थमाना बंद नहीं हुआ तो नागरिक संघर्ष समिति द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।जबकि छुईखदान नगर पंचायत के आधे से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं इसलिए अचानक भारी-भर कम रुपए देना उसके लिए संभव नहीं है ।इनके अध्यक्ष कार्यकाल में ही सब्जी बाजार में सरकारी जगह में तीन शॉपिंग कंपलेक्स अवैध रूप से निर्माण कर लाखों रुपए में बेच दिया गया जो जोर भ्रष्टाचारियों का खुलेआम उदाहरण है इनके शिकायत होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुआ नगर के लोगों में इस बात के भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# शहर में विकास कार्यो के लिए डॉ.रमन सिंह ने करोड़ो का आबंटन दिलाया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह जी के अथक प्रयासों से राजनांदगाँव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों/वार्डों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन के इस निर्णय पर राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि च्इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।ज्ञ इसके साथ ही राजनांदगांव के नागरिकों ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त किया और उनकी विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com